कार्यालय जिला न्यायाधीश, पिथौरागढ़।

दूरभाष/फैक्स 05964 225286 **ई–मेल** dj-pit-ua@nic.in

पत्रांकः 1401/पन्द्रह–02–2016 पिथौरागढ़ दिनांकः सितम्बर , 2026

नीलामी–सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी एक वर्ष (दिनांक 01–10–2026 से 30–09–2027) के लिए जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ की स्टाफ कैण्टीन की सार्वजनिक नीलामी जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ के सभा कक्ष में **दिनांक 29 सितम्बर 2026 दिन मंगलवार** को समय **अपराह्न 04:00** बजे सम्पन्न करायी जायेगी। कैण्टीन की नीलामी की शर्तें निम्नलिखित होंगीः–

1. बोली बोलने से पहले बोलीदाता को ₹ 5000=00 (₹ पाँच हजार मात्र) प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करनी होगी।
2. नीलामी की न्यूनतम बोली ₹ 97,000=00 (₹ सतानब्बे हजार मात्र) निर्धारित है।
3. बोली स्वीकृत होने के पश्चात् नीलामी में बोली गयी धनराशि की एक चौथाई धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि तीन बराबर किश्तों में जमा की जायेगी।
4. बोली स्वीकृत होने पर स्वीकृत बोलीदाता की उपरोक्त प्रतिभूति धनराशि ₹ 5000=00 (₹ पाँच हजार मात्र) जो प्रतिभूति के रूप में जमा की जायेगी, को अन्तिम किश्त में समायोजित कर लिया जायेगा।
5. सर्वोच्च बोलीदाता जिसकी बोली स्वीकृत की जायेगी, को एक सप्ताह अन्दर ₹ 100=00 (₹ एक सौ मात्र) के गैर न्यायिक स्टाम्प में अनुबन्ध पत्र (इकरारनामा) सम्पादित करना होगा।
6. बोली माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, पिथौरागढ़ द्वारा अनुमोदित किये जाने के उपरान्त ही स्वीकृत मानी जायेगी तथा माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, पिथौरागढ़ को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. जिस बोलीदाता की बोली स्वीकृत की जायेगी, उसे खाद्य सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रखनी होगी तथा किसी भी दशा में उनके द्वारा निषेधित सामग्री का विक्रय नहीं किया जायेगा।
8. उक्त नीलामी सूचना जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/india/uttarakhand/pithoragarh/tender पर भी उपलब्ध है।

25/09/26

(सुमन),
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पिथौरागढ़।
(अध्यक्ष, नीलामी समिति)

पृष्ठांकन संख्या ज्ञाप/पन्द्रह–02–2016 तद् दिनांक

प्रतिलिपि **महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, सूचना भवन, रिंग रोड, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड** को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त नीलामी सूचना को हिन्दी समाचार पत्र के आगामी अंक में नियमानुसार प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

25/09/26

(सुमन),
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पिथौरागढ़।
(अध्यक्ष, नीलामी समिति)

पृष्ठांकन संख्या /पन्द्रह–02–2016 तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. सिस्टम ऑफीसर, जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त नीलामी सूचना को जिला न्यायालय, पिथौरागढ़ की वेबसाइट पर प्रसारित करना सुनिश्चित करें।
2. नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय, पिथौरागढ़।
3. नोटिस बोर्ड, कार्यालय जिलाधिकारी, पिथौरागढ़।
4. नोटिस बोर्ड, विकास भवन, पिथौरागढ़।
5. नोटिस बोर्ड, जिला पूर्ति अधिकारी, पिथौरागढ़।
6. नोटिस बोर्ड, सूचना अधिकारी, पिथौरागढ़।
7. नोटिस बोर्ड, तहसील, पिथौरागढ़।
8. नोटिस बोर्ड, नगर पालिका परिषद्, पिथौरागढ़।
9. नोटिस बोर्ड, प्रान्तीय खण्ड़, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़।
10. सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा हेतु।

25/09/2026

(सुमन),
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
पिथौरागढ़।
(अध्यक्ष, नीलामी समिति)